Comiplaint on the quality of programimes broadcast by AIR Kozhikode station

2174. SHRI N. E. BALARAM: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased io state:

(a) whether Governmsnt are aware of complaints from ardsts, Hsieneis and the public on the quality of the programmes broadcast by Kozhikode station of AIR, and

(b) if so, the details and action taken thereon?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI K. P. SINGH DEO): (a) No general complaints have been received by the Directorate-General, Ml India Radio regarding the quality of programme broadcast by All India Radio, Kozhikode.

(b) Does not arise.

भारतीय फिल्म और दूरदर्शन संस्थान के विद्यार्थियों की शिकायतें

2175. **श्री ईश दत्त यादव** : क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारतीय फिल्म और दूरदर्शन संस्थान के विद्यार्थियों में असंतोष बढ़ रहा है ;

(ख) गत पांच वर्षों के दौरान विद्यार्थियों से मिली शिकायतों की संख्या कितनी है तथा ये शिकायतें किस संबंध में हैं ;

(ग) इन शिकायतों का निपटान करने के लिए संस्थान की सलाहकार समिति का गठन कब किया गया था ; और

(घ) यदि सलाहकार समिति का गठन नहीं किया गया है तो इसके क्या कारण हैं ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री के० पी० सिंह देव) : (क) जी नहीं ।

(ख) वरिष्ठ छात्रों द्वारा कनिष्ठ छात्रों को सताने (रैगिंग) की बाबत एक शिकायत मिली थी, उसे अब निपटना दिया गया है । तथापि, होस्टल मैस सबसिडी व निर्वाह-सुविधाओं में वृद्धि की बाबत यदा-कदा शिकायतें मिलती रहती हैं ।

(ग) 15 अक्टूबर, 1992 को सलाहकार समिति गठित की गई थी ।

(घ) प्रश्न नहीं उठता ।

दिल्ली दूरदर्शन द्वारा प्रसारित धारावाहिक

2176. **चौधरी हरि सिंह** : क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली दूरदर्शन द्वारा वर्ष 1993-94 के दौरान प्रसारित किये गये अथवा प्रसारित किये जा रहे धारावाहिकों तथा इनके निर्माताओं के नाम क्या-क्या हैं ;

(ख) इन धारावाहिकों का समय निर्धारित करने के लिए क्या मानदण्ड अपनाये जाते हैं ; और

(ग) उन लम्बित धारावाहिकों की संख्या कितनी है, जिन्हें दिल्ली दूरदर्शन पर दिखाया जाना है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री के० पी० सिंह देव) : (क) ब्यौरा संलग्न विवरण में है। **(नीचे देखिए)**

(ख) दूरदर्शन द्वारा समय-समय पर इसकी कार्यक्रम अपेक्षाओं अनुसार प्रसारण के लिए धारावाहिकों सहित कार्यक्रमों को सूचीबद्ध किया जाता है।

(ग) तेरह ।